COVID-19 के लिए दवाई

कुछ लोग COVID-19 से ग्रस्त होने पर दवाई प्राप्त कर सकते हैं।

इन दवाईयों को 'प्रारंभिक उपचार' या 'एंटीवायरल' भी कहा जाता है।

ये लोगों को इस हद तक बीमार पड़ने से रोकती हैं कि उन्हें अस्पताल जाने की ज़रूरत पड़े।

दवाईयाँ टीकाकरण का स्थान नहीं लेती हैं। टीकाकरण करवाना अपने आप को COVID-19 से सुरक्षित करने का सर्वश्रेष्ठ तरीका है।

COVID-19 के लिए दवाई कैसे प्राप्त करें

1 जैसे ही आपको लक्षण दिखाई दें **टेस्ट करवाएँ** ताकि यह पुष्टि की जा सके कि आपको COVID-19 है।

2 **अपने पॉज़िटिव परिणाम की सूचना** स्वास्थ्य विभाग को www.coronavirus.vic.gov.au/report वेबसाइट पर दें (केवल अंग्रेज़ी में)। या कोरोनावायरस को 1800 675 398 पर फोन करके सूचना दें। क्या आपको दुभाषिए की आवश्यकता है? कॉल करने पर 0 दबायें।

3 **अपने डॉक्टर** या COVID पॉज़िटिव पाथवे प्रोग्राम से पूछें यदि आप COVID-19 के लिए दवाई प्राप्त कर सकते/सकती हैं।

4 यदि आप पात्र हैं, तो आपको दवाई प्रिस्क्राइब की जाएगी। दवाई का सबसे अच्छे से काम करने के लिए, यह ज़रूरी है कि **आप बीमार पड़ने के पांच दिनों के अंदर इसका सेवन करें**। यदि आपके लक्षण हल्के हैं तो भी आपको दवाई का सेवन करना चाहिए।

अपने परिणाम की सूचना देने का अर्थ है कि आप COVID पॉज़िटिव पाथवे प्रोग्राम के माध्यम से स्वास्थ्य-देखभाल और अन्य समर्थन प्राप्त कर सकते/सकती हैं।

COVID-19 के लिए दवाईयाँ कौन-कौन प्राप्त कर सकता है?

केवल वे लोग COVID-19 के लिए दवाईयाँ प्राप्त कर सकते हैं जिनकी अस्पताल में देखभाल की आवश्यकता की सबसे अधिक संभावना होती है। इसमें निम्नलिखित लोग शामिल हैं:

- जिनकी आयु 70+ है
- जिनकी आयु 50+ है और जिन्हें अन्य स्वास्थ्य समस्याएँ हैं
- जिनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमज़ोर है, जो विकलाँग हैं या जो जन्मजात हृदय रोग से ग्रस्त हैं
- जो ऐज्ड केयर (वयोवृद्ध देखभाल) सुविधा में रहते हैं।

अधिकांश अन्य लोग दवाई के बिना घर पर सुरक्षित रूप से COVID-19 का प्रबंध कर सकते हैं।

मैं कौन सी दवाईयाँ प्राप्त कर सकता/सकती हूँ?

डॉक्टर वयस्कों को Lagevrio™ और Paxlovid™ (एंटीवायरल गोलियाँ) प्रिस्क्राइब कर सकते हैं। ये दवाईयाँ फार्मास्युटिकल बेनेफिट्स स्कीम (PBS) पर सूचीबद्ध हैं, इसलिए इनके लिए कम कीमत देनी पड़ती है। वे वयस्कों और बच्चों को सांस द्वारा अंदर खींचे जाने वाले कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स (पफर) भी प्रिस्क्राइब कर सकते हैं।

कुछ दवाईयाँ केवल अस्पतालों के माध्यम से उपलब्ध हैं। यदि आपको इनकी ज़रूरत होगी तो आपके डॉक्टर आपको अस्पताल को रेफर करेंगे। आप COVID पॉज़िटिव पाथवे प्रोग्राम के माध्यम से भी रेफरल और समर्थन प्राप्त कर सकते/सकती हैं।

अपनी भाषा में और अधिक जानकारी के लिए
www.coronavirus.vic.gov.au/hindi देखें

इस दस्तावेज़ को किसी अन्य प्रारूप में प्राप्त करने के लिए dffhcovidcomms@dffh.vic.gov.au पर ईमेल करें

Authorised and published by the Victorian Government, 1 Treasury Place, Melbourne.
© State of Victoria, Australia, 19 July 2022. (2106044)

VICTORIA Australia